पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 91 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

संक्षिप्त समाचार

सीएसआईआर का 82वां स्थापना दिवस मनाया

सीमा संदेश संवाददात

पिलानी। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े शोध एवं विकास संगठन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 82वां स्थापना दिवस शुक्रवार को सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी के मुख्य सभागार में राजस्थान एक्सपोर्ट प्रोमोशन बोर्ड के सीईओ पीआर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि सीरी पिलानी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीनिवासन रघुनाथ एवं पीवी एल रेड्डी थे। सर्व प्रथम अतिथियों का संस्थान की सहकर्मियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया द्वारा शिफा व दुपट्टा बनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात मां सरस्वती वंदना के साथ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा विगत वर्ष में संस्थान से सेवानिवृत्त हुए सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के सहकर्मियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर गतवर्ष कक्षा क्क में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले संस्थान-सहकर्मियों के बच्चों, आईआईटी-आईआईएम में प्रवेश लेने वाले बच्चों तथा सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।